हो जाए बंद वाणी तेरा नाम रटते रटते

हो जाए बंद वाणी तेरा नाम रटते रटते,
एक साथ यही होगा हरि नाम हम मरते मरते,
तेरा नाम रटते रटते....

यस आपका मैं गाऊं दुनियाँ से चला जाऊं
तेरे धाम तक में पहुँचूँ गुणगान करते करते,
हो जाए बंद वाणी तेरा नाम रटते रटते

खुद को मैं भूल जाऊँ फिर होश में ना आऊँ,
प्रभु नाम वाले अमृत का पान करते करते
हो जाए बंद वाणी तेरा नाम रटते रटते

देखा करूंगा राहे जब तक ना आप आएं,
तब तक ना तन से निकले मेरे प्राण मरते मरते,
हो जाए बंद वाणी तेरा नाम रटते रटते

हर सांस से पुकारू मेरा रोम-रोम बोले,
हरि नाम वाले अमृत का पान करते करते
हो जाए बंद वाणी तेरा नाम रटते रटते

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21979/title/ho-jaye-band-vaani-tera-naam-rat-te-rat-te

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |